**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को शुद्ध पेयजल से अच्छादन हेतु दिनांक 15.06.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे आयोजित बैठक की कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 15.06.2026 को आयोजित ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति'' की बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज-2 के अन्तर्गत मेसर्स L&T एवं फेज-5 के अन्तर्गत मेसर्स GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED. द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति हेतु आयोजित बैठक की कार्यवृत्तः-

**1. ग्राम पंचायतों के MOM अपलोडिंगः-** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर, 2024 तक ''हर घर जल'' सर्टिफाइड 111 नग ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन कराया जा चुका है। जिसमें सम्बन्धित ग्राम सचिवों द्वारा ग्राम पंचायत में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) के सदस्यों के साथ ग्राम वासियों की बैठक कराकर जल सेवा आंकलन से सम्बन्धित जानकारी साझा करने हेतु बैठक आहूत करायी जानी है तथा उक्त बैठक की MOM को https://egramswaraj.gov.in के पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। जिसमें वर्तमान तक 111 नग ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 10 नग ग्राम पंचायतों के MOM अपलोड किये गये है। निर्देशित किया गया है कि जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष ग्राम पंचायतों के MOM अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

**2. डिस्ट्रिक्ट इम्प्रूवमेन्ट प्लान (DIP):-** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में 111 नग ''हर घर जल'' सर्टिफाइड ग्राम पंचायतों का सम्बन्धित ग्राम सचिवों द्वारा जल सेवा आकलन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त **https://ejalshakti.gov.in/jjm2** पर अधिशासी अभियन्ता की लागिन से रिव्यू किया जा चुका है। उक्त की समीक्षा ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति'' की आहूत बैठक में करने के उपरान्त जिलाधिकारी महोदया की लागिन पर प्रदर्शित डिस्ट्रिक्ट इम्प्रूवमेन्ट प्लान (DIP) को भरकर पूर्ण किया जाना है। जिसकी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

**3. योजनाओं का संचालन एवं रख-रखावः-** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में फेज-2 में मेसर्स लारसेन एण्ड टूबों द्वारा प्रस्तावित 124 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 66 नग परियोजनाओं का कार्य 90-100 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। जिनमें से 54 नग पाइप पेयजल योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जा चुका है तथा फेज-5 के अन्तर्गत मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. (जे.वी.) द्वारा प्रस्तावित 165 नग पाइप

पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 30 नग परियोजनाओं का कार्य 90-100 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। जिनमें से 22 नग पाइप पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में लिया जा चुका है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र.सं. | कार्यदायी फर्म का नाम | (मई, 2026) | दिनांक 02.06.2026 की प्रगति | दिनांक 15.06.2026 की प्रगति | अवशेष (3-5) | वर्तमान स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | टी.पी.आई. स्तर पर | अधिशासी अभियन्ता के स्तर पर | विद्युत आधारित परियोजनाओं की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1- | **मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो** | 66 | 52 | 54 | 12 | 04 | 03 | 04 |
| 2- | **मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. (जे.वी.)** | 30 | 22 | 22 | 08 | 02 | 03 | 02 |
| **dqy%&** | | **96** | **74** | **76** | **20** | **06** | **06** | **06** |

कार्यदायी फर्मो द्वारा अवगत कराया गया है कि विद्युत आधारित परियोजनाओं पर ट्रान्स्फार्मर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है परन्तु मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड, श्रावस्ती से विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण न होने के कारण सचालन एवं अनुरक्षण हेतु लम्बित है। अधिशासी अभियन्ता, मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड, श्रावस्ती को निर्देशित किया गया है कि विकास खण्ड सिरसिया में निर्माणाधीन गढ़ी पाइप पेयजल योजना एवं विकास खण्ड हरिहरपुर रानी में निर्माणाधीन भंगही पाइप पेयजल योजनाओं पर 03 दिवस में एवं अवशेष में यथाशीघ्र विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें साथ ही कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि उक्त विवरण में प्रदर्शित अवशेष 20 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर समस्त कार्यो को पूर्ण करते हुए आगामी 15 दिवस के अन्दर संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष कार्यो को ससमय पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण में लिया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती

पत्रांक /जल निगम/जल जीवन मिशन /2026-27 दिनांक:-

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
3. जिलाधिकारी महोदया, श्रावस्ती।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।
5. अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ) खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) गोण्डा।
6. अधिशासी अभियन्ता, मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड, श्रावस्ती।
7. मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रों/मेसर्स (GA NFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)/मेसर्स वी.टी.एल.।
8. मेसर्स सेन्सियस प्रा.लि. (थर्ड पार्टी इन्पेक्शन)/डी.पी.एम.यू. श्रावस्ती।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती

Digitally signed by
SHAHID AHMED
Date: 09-07-2026
13:26:54